हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 44 .5 डिग्री
न्यूनतम 28 .5 डिग्री

11 दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना व समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरीः भारद्वाज



12 कॉलेजों में आज आउट होगी दूसरी कट ऑफ लिस्ट, 17 से फिर ओपन होगा पोर्टल



## आंखें बंद किए बैठे नगर परिषद, एचएसवीपी व हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी


# शहर में चारों ओर उड़ रहीं धज्जियां, सरकारी जमीन पर कब्जा करने की लगी होड़

■ वर्षो से नहीं की जा रही अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी







रेवाड़ी। हुडा बाइपास पर ग्रीन बेल्ट में कब्जा, सेक्टर-1 की ग्रीन बेल्ट में कब्जा, सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड की ग्रीन बेल्ट में बनाया पार्किंग स्थल। फोटो :हरिभूमि

प्रशासनिक विभागों ने व्यवस्थाओं के मामले में शहर को पूरी तरह रामभरोसे छोड़ दिया है। अधिकारियों की निष्क्रियता उन लोगों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है, जो नियमों की धज्जियां उड़ाने से लेकर सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की फिराक में रहते हैं। आईओसी चौक से राजेश पॉयलट चौक, सेक्टर चार बाइपास, सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड, बावल रोड व मॉडल टाउन सहित शहर के कई अन्य इलाकों में बिल्डिंग एक्ट की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जगह-जगह ग्रीन बेल्ट की सरकारी जमीन पर कब्जे किए जा रहे हैं। इसके बावजूद अधिकारियों की नींद नहीं टूट नहीं पा रही है।

शहर के कई स्थानों पर मल्टी स्टोरीज बिल्डिंग बनाकर कमर्शियल कार्य किया जा रहा है। मॉडल टाउन एरिया में कमर्शियल बिल्डिंग बनाने की इजाजत तब तक नहीं दी जा सकती, जब तक की जमीन कमर्शियल में ट्रांसफर नहीं की गई हो। कमर्शियल कंस्ट्रक्शन पर पाबंदी लगाने की दिशा में नगर परिषद के अधिकारी अभी तक कोई कदम नहीं उठा पाए हैं। अब शहर की ग्रीन बेल्ट पर कब्जों की भरमार हो चुकी है। सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड की ग्रीन बेल्ट में लोगों ने पक्के निर्माण करके कब्जे कर लिए है। यहां तक ग्रीन बेल्ट में चारों तरफ जालियां लगाकर गाड़ियों के लिए गैराज बना लिया है। लोगों ने बावल रोड, बाइपास, सेक्टर-1, सेक्टर-3, सेक्टर-4 व गढ़ी बोलनी रोड पर ग्रीन बेल्ट में 10 से 12 फीट तक कब्जे किए हुए है, लेकिन प्रशासन इन सब की अनदेखी करके मूक दर्शक बना हुआ है। नगर परिषद व एचएसवीपी की ओर से इनकके खिलाफ जांच के बाद एक्शन लिया जाए, तो कई निर्माण ध्वस्त होने तक की चपेट में आ सकते हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से भी ऐसे लोगों को कब्जा करने का पूरा मौका दिया हुआ है। राजेश पायलट चौक और दिल्ली रोड से लेकर शहर के कई इलाकों में सरकारी जमीन को हथियाने की होड़ लगी हुई है। पायलट चौक के आसपास ग्रीन बेल्ट की जमीन कब्जों की चपेट में आ चुकी है। कहीं टीन शेड डालकर कब्जे किए जा चुके हैं, तो कहीं पुख्ता निर्माण से जमीनों को हथियाने का खेल चल रहा है। नगर परिषद के पुराने और शहर के जानकार अधिकारी नगर परिषद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। नए आए अधिकारियों को अभी तक पूरे शहर की जानकारी तक नहीं है। इसी बात का फायदा उठाते हुए अवैध कब्जा करने वाले लोग अपने काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं। सेक्टर-3 स्थित हाउसिंग बोर्ड की सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा करके पक्का निर्माण तक कर लिया है। अधिकारियों की मिली भगत के बिना यह कार्य होना संभव नहीं है। लोगों ने ग्रीन बेल्ट पर टाइल्स व जालियां लगाकर गाड़ियों का पार्किंग स्थल बना लिया है। मजे की बात यह है कि अधिकारियों ने वर्षो से मौके पर जाकर जांच तक नहीं की है। कई लोग कार्यालय खोकर हाउसिंग बोर्ड के फ्लैटों का कमर्शियल उपयोग तक कर रहे है। विभाग की जमीन में प्रॉपर्टी डीलर तक के ऑफिस चल रहे है। विभाग की ओर से आज तक एक भी कब्जाधारी को नोटिस तक नहीं दिया गया है।





रेवाड़ी। सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड की ग्रीन बेल्ट में चल रही दुकानें। फोटो :हरिभूमि

### अफसरों को लेना चाहिए एक्शन

*सरकारी जमीनों पर कब्जे रोकने से लेकर बिल्डिंग एक्ट की पालना नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ एक्शन लेना नगर परिषद के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इस तरह के निर्माण की जानकारी हासिल करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।*

*-पूनम यादव, नगर परिषद चेयरमैन।*

### मामला संज्ञान में नहीं था, अब देंगे नोटिस



*सेक्टर-3 हाउसिंग बोर्ड की ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस दिए जाएंगे। मामला संज्ञान में नहीं था। नक्शे में बदलाव करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रीन बेल्ट को कब्जों मुक्त कराया जाएगा। रिहायसी क्षेत्र में कमर्शियल एक्टिविटी करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।*

*-जगदीश प्रसाद, ईओ हाउसिंग बोर्ड।*

## खबर संक्षेप

### प्राइमरी स्कूल के पास खड़ी स्कूटी चोरी

**रेवाड़ी।** मोहल्ला खासापुरा स्थित प्राइमरी स्कूल के पास खड़ी स्कूटी को चोर चुरा ले गए। छिप्पटवाड़ा निवासी सजंय सैनी ने जगन गेट चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह छोले-भठुरे की रेहड़ी लगाता है। 9 जुलाई रात को प्राइमरी स्कूल खासापुरा स्थित अपने किराए के मकान के बाहर स्कूटी खड़ी करके खाना बनाने लग गया था। रात करीब 10:30 बजे जब उसने बाहर आकर देखा तो स्कूटी गायब थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवकों ने होटल मैनेजर को केस वापस लेने की दी धमकी

**रेवाड़ी।** रेलवे चौक स्थित होटल पर दो युवकों ने झगड़ा करते हुए सामान तोड़फोड़ दिया। जगदीश कॉलोनी रोहतक निवासी संजय बजाज वर्तमान में होटल गोल्ड रेलवे चौक पर मैनेजर लगा हुआ है। उसने गोकल गेट पुलिस चौकी को दी शिकायत में बताया कि 6 जून की रात के दो युवक होटल में आकर बिना किसी बात के लड़ाई झगड़ा करने लगे व सामान तोड़फोड़ दिया, जिसका थाना शहर में केस दर्ज कराया हुआ है। होटल की सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद झगड़ा करने वाले लड़के शिवम सैनी निवासी बलभद्र व कपिल निवासी बीकानेर थे। पुलिय कपिल को गिरफ्तार कर चुकी है, जो फिलहाल कोर्ट से जमानत पर है और शिवम सैनी अभी तक फरार चल रहा है। दोनों युवकों के खिलाफ काफी मुकदमें चल रहे है। 9 जुलाई रात करीब 10 बजे जब वह होटल पर काम कर रहा था तो उसके मोबाइल पर कॉल आई और कॉल करने वाले युवक ने होटल पर झगडे.वाले केस में फैसला करने की धमकी दी। संजय ने कहा कि आरोपी एसक पर राजीनामा करने के लिए अलग-अलग तरीकों से दबाव बना रहे है। गोकल गेट चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर सामान चोरी

**कोसली।** बव्वा गांव के बस स्टैंड पर अज्ञात चोर दो मेडिकल स्टोर के शटर के ताले तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। गांव बव्वा निवासी अशोक कुमार ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मंगलवार रात को मेडिकल स्टोर बंद करके चला गया था। बुधवार सुबह जब दुकान पर आया तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। जांच करने पर मेडिकल स्टोर से सीसीटीवी एलईडी, डीवीआर, कास्मैटिक्स व दवाईयां गायब मिली। उनके सामने स्थित यादव फामेर्सी की दुकान के शटर का भी ताला टूटा मिला। उस दुकान से भी सीसीटीवी का डीवीआर व कास्मेटिक्स का सामान चोरी हो गया। पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### कोसली स्टेशन क्षेत्र से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कोसली।** कोसली स्टेशन क्षेत्र स्थित एक मकान के बाहर खड़ी बाइक को चोर चोरी कर ले गए। उषा देवी निवासी शिव कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जुलाई की रात 11 बजे उसने अपनी बाइक घर के बाहर खडी की थी। अगले दिन सुबह आकर देखा तो वहां पर बाइक नहीं मिली। कोसली पुलिस ने केस दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**डहीना।** गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। गांव निवासी देवेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की रात उसने अपने घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। बुधवार सुबह जब बाहर आकर देखा तो बाइक गायब थी। गांव के लोगों से पूछताछ करने पर भी बाइक का कोई पजा नहीं चल पाया। पुलिस ने देवेन्द्र की शिकायत पर अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

## व्यापारी की हत्या करने के मामले में एक आरोपी काबू



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

■ पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

कसौला थाना पुलिस ने गारमेंट्स व्यापारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव पातूहेड़ा निवासी सुनील उर्फ सुम्मी के रूप में हुई है। गांव रानौली निवासी शीशराम के लड़के दिनेश कुमार ने जलियावास में गारमेंटस व किरयाना की दुकान कर रखी थी। 5 जुलाई को दिनेश कुमार का जन्मदिन था, जिसकी वजह से वह अपने बेटे को बुलाने के लिए दुकान पर गया था। दुकान से कुछ दूर पर एक मोमोज की रेहड़ी लगी हुई थी, जिस पर एसपी उर्फ शिव गांव जलालपुर, सुम्मी गुर्जर पातुहेड़ा व अमित पहलवान गांव आसलवास मोमोज खा रहे थे। तीनों युवकों से उनका झगड़ा हो गया था, वह अपने बेटे के साथ दुकान के पास चौराहे पर आकर बैठ गया। थोडी देर बाद एसपी उर्फ शिव, सुम्मी व अमित एक कार में तथा उनके दोस्त सचिन व देवेन्द्र उर्फ देबु निवासी चिरहाड़ा अपनी बाइक पर आए और पुरानी रंजिश को रखते हुए उसके बेटे दिनेश के साथ झगड़ा करने लगे। एसपी उर्फ शिव ने उसके बेटे दिनेश को गोली मार दी और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। लोगों की मदद से दिनेश को इलाज के लिए निजी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला में हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# स्वामित्व प्रमाण पत्र व रजिस्ट्री पाकर खुशी से खिले भू-मालिकों के चेहरे

■ अटेली के विधायक सीताराम ने जिला सचिवालय में स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने वीरवार को गुरुग्राम जिले के औद्योगिक क्षेत्र मानेसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को रजिस्ट्री वितरित की। जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अटेली के विधायक सीताराम ने वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लाइव सुना और जिले के भू-मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र तथा मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के पात्र परिवारों को रजिस्ट्री वितरित की।

स्वामित्व प्रमाण पत्र व रजिस्ट्री पाकर भू-मालिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विधायक सीता राम ने कहा कि हरियाणा सरकार की दूरगामी सोच के चलते गांव के साथ-साथ शहरों में रहने वाले नागरिकों को जमीन का मालिकाना हक बिना किसी झंझट के आसानी से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना वर्षों से दुकानों और घरों में किराए पर रह रहे लोगों को उनका मालिकाना हक दिला रही है। शहरी क्षेत्रों में दुकानों और घरों पर कम से कम 20 वर्षों से कब्जा कर रहे सभी लोगों को मालिकाना हक दिया जा रहा है। सरकार की इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य हरियाणा के सभी शहरी निकायों में उन नागरिकों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करना है जो पिछले 20 वर्षों से किरायेदारों व पट्टा धारकों के रूप में रह रहे हैं तथा लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव, नगर पालिका धारूहेड़ा के चेयरमैन कंवर सिंह व एडीसी एवं डीएमसी अनुपमा अंजलि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी उपस्थित थे।





रेवाड़ी। भू-मालिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र तथा रजिस्ट्री वितरित करते विधायक अटेली सीताराम यादव। फोटो :हरिभूमि

### एटीएम कार्ड बदलकर लगाया हजारों रुपये का चूना

**धारूहेड़ा।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए आए एक व्यक्ति का कार्ड बदलकर 59 हजार रुपये का चूना लगा दिया गया। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। गढ़ी अलावलपुर निवासी अजय ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह बुधवार को बैंक के एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने के लिए गया था। वह अपने भाई का एटीएम कार्ड लेकर गया था। जब वह पैसे निकाल रहा था, तो उसके पीछे एक युवक आकर खड़ा हो गया। उसने उसका पिन नंबर देख लिया। जब वह पैसे निकालने के बाद चलने लगा तो उसने कहा कि ट्रांजेक्शन कैंसिल करने के लिए एक बार फिर एटीएम कार्ड मशीन में लगाओ। जब उसने कार्ड मशीन में लगाया तो बातों में उलझाकर उसने कार्ड बदल लिया। बाद में उसके भाई के खाते से एटीएम बूथ महेश्वरी से तीन बार में 10-10 हजार रुपये निकाल लिए, जबकि एक ट्रांजेक्शन 29 हजार रुपये की नीरज के खाते में की गई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बूथ के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## सीएम के ओएसडी से मिली एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

**मुआवजा देने की मांग की**



रेवाड़ी। सीएम के ओएसडी से मिलते व्यापारी। फोटो :हरिभूमि

पंजाबी मार्केट में धंसी दुकानों के मुआवजे को लेकर मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों, पीड़ित व्यापारी और भाजपा युवा नेता मुकेश कपड़ीवास ने सीएम के कार्यालय में ओएसडी सुदेश कटारिया से मुलाकात की। सभी व्यापारियों ने ओएसडी को पंजाबी मार्केट की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पंजाबी मार्केट में दुकान धंसने का समस्या पैदा हो गई है, जिससे करीब 8 दिनों से 70 से 80 व्यापारियों की दुकानें बंद है। उन्होंने व्यापारियों को उचित मुआवजा देने की मांग की। ओएसडी कटारिया ने डीसी राहुल हुड्डा से बात करके दो दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है और व्यापारियों को आश्वासन दिया के रिपोर्ट आने के बाद तुरंत मुआवजा देने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान विनोद अरोड़ा, अमित तनेजा व दीपक सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे।

**मौसम** जून के मध्य जैसी गर्मी ने खूब छुड़ाए पसीने, आसमान में बादलों के बीच बरसात के आसार

# तापमान में अप्रत्याशित उछाल से बढ़ी गर्मी, 22 दिन बाद पारा 44 डिग्री के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम ने अचानक यू-टर्न ले लिया। मानूसन शुरू होने के बाद तापमान में काफी कमी देखने को मिल रही थी। अचानक तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे लोगों को जून माह में चलने वाली गर्म हवाओं का अहसास हुआ। गर्म हवाओं के साथ आर्द्रता ने चिपचिपाहट भरी गर्मी से दिन भर लोगों को परेशान किया। तापमान में 22 दिन बाद यह वृद्धि दर्ज की गई है, जो सामान्य से 12 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। शाम तक आसमान में घने बादल छाए रहने से बरसात की संभावना भी बनी रही। लगभग एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। वीरवार को अधिकतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 44.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यह तापमान सीजन में अंतिम बार 18 जून को दर्ज किया गया था। इसके बाद से तापमान में कमी आना शुरू हो गया था। रात का तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 28.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गत वर्ष की तुलना में दोनों तापमान काफी ज्यादा हैं। गत वर्ष 11 जुलाई को अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए थे। अचानक तापमान में वृद्धि होने के कारण गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गईं, लेकिन हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक होने के कारण गर्म हवाएं लू में नहीं बदल सकीं। वातावरण में उमस बन गई। दोपहर बाद तक लोग पसीने-पसीने हो गए। कूलरों की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया। शाम के समय एक बार बादल साफ होते ही गर्मी का असर और बढ़ गया। इसके बाद बादलों ने सूर्यदेव को आगोश में ले लिया, जिससे हल्की बरसात या बूंदाबांदी के आसार नजर आने लगे।



रेवाड़ी। वीरवार दोपहर बाद छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### मौसम जल्द साफ होने की संभावना नहीं

मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम पूरी तरह साफ होने की संभावना नहीं है। आसमान में बादलों के बीच हल्की या मध्यम बरसात की उम्मीद है। तेज बरसात की संभावना जल्द नजर नहीं आ रही है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। शुक्रवार को तापमान में कमी आने की संभावना है। हवा में नमी का स्तर बढ़ा रहेगा, जिससे उमस भरी गर्मी से जल्द राहत की उम्मीद नहीं है।

### डहीना सब स्टेशन से बाधित रही बिजली

डहीना पावर सब स्टेशन का एक फीडर लाइन बिछाने के कारण लगातार दूसरे दिन भी घंटों तक बंद रहा। डीएचबीवीएन की ओर से आरडीएस लाइन खींचने के कार्य के चलते सुबह 10 बजे से शाम को करीब 6 बजे तक डहीना, जैनाबाद, ढाणी ठेठरबाढ़ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही, जिससे इन गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रतियोगिता में साक्षी बनी विजेता

**रेवाड़ी।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर यदुवंशी शिक्षा निकेतन विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 2 से 5 की पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा कक्षा 6 से 12 में जनसंख्या विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने पोस्टर मेकिंग से बढ़ती जनसंख्या से संसाधनों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या न केवल देश व समाज के लिए हानिकारक है, बल्कि विकास की गति का अवरोधक बनी हुई है। स्पर्धा में सैंकडों विद्यार्थियों ने भाग लिया, कक्षा 6 से 12 में साक्षी यादव ने प्रथम, पावनी ने द्वितीय व राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है।*

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली।*

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद




**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं।*

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है।*

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं।*

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

-प्रियांश, रोहतक

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

-काव्या, रायपुर

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

-साकेत, दुर्ग

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी

समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए।*

कविता

गोविंद भारद्वाज



## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हसिका-मटियारी

## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### पुरानी सब्जी मंडी में दो दुकानदारों से मारपीट

**रेवाड़ी।** बीते मंगलवार देर सायं पुरानी सब्जी मंडी में दो दुकानदारों भाइयों के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस घटना का वीडियो भी वायरल हो गया था, जिसमें कई लोग दो युवकों को सरेआम पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। सिटी पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस बयान में दुकानदार दीपक भल्ला ने बातया कि 9 जुलाई की शाम वह अपनी दुकान पर भाई अमित कुमार के साथ मौजूद था। इसी दौरान प्रवीन गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, शुभम गुप्ता व इनका चचेरा भाई अंशुल गुप्ता, नौकर बबलु व मोगली वहां आए और दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बाद में इन परिवार की एक महिला भी वहां आ गई। उसने भी उन लोगों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इन लोगों ने उनकी दुकान में तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दीपक का आरोप है कि यह लोग पहले भी दुकान बंद कराने की धमकी दे चुके हैं। आसपास के दुकानदारों ने बचाव कराते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दोनों भाइयों को काफी चोटें आई हैं। दुकानदारों के बीच मारपीट का वीडियो खूब वायरल हुआ था। पुलिस घटना के बाद मौके पर पहुंच गई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।

### कार्तिक ने सीए परीक्षा में पाई सफलता

**कुंड।** खोरी निवासी एक्स सरपंच के पौत्र कार्तिक चौधरी ने



आईसीएआई की ओर से आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी यानि सीए परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्र, शिक्षक और सभी ग्रामवासी गौरवांवित हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सीएम एसोसिएशन व सामाजिक संगठनों ने कार्तिक को बधाई दी है।

### पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए प्रदर्शन आज

**रेवाड़ी।** ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन तथा नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आह्वान पर 12 जुलाई 1960 की रेल हड़ताल के शहीदों को याद करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शुक्रवार को जयपुर सहित देशभर के सभी जोनों के सभी मंडलों और स्टेशनों पर सुबह 7:30 बजे विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। एनडब्ल्यूआरईयू बीकानेर मंडल के सहायक मंडल मंत्री कॉमरेड देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ऑल इंडिया रेलवे फैडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा तथा नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर के नेतृत्व में जयपुर जोन के सभी मंडलों और स्टेशनों पर प्रदर्शन किया जाएगा। रेलवे स्टेशन पर बीकानेर-जयपुर मंडल के सभी कार्यरत कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे।

### संस्था की आमसभा की सूची प्रदर्शित

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा की बेस्टेक सोसायटी प्लॉटेड रेजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन के चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं समितियां ने चुनाव के लिए 3 मई को सतीश कुमार जोशी को रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन धारूहेड़ा का प्रशासक कम चुनाव अधिकारी नियुक्त किया हुआ है। चुनाव अधिकारी ने कहा कि संस्था की ओर से उपलब्ध कराई गई आमसभा की सूची को नोटिस के माध्यम से संस्था के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कर दिया गया है। सूची के किसी भी विवरण या सदस्यता से किसी भी सदस्य को कोई ऐतराज है तो किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 2 बजे तक संस्था कार्यालय में 31 जुलाई तक लिखित पत्र देकर रसीद प्राप्त कर सकते है। शिकायत संस्था कार्यालय पर पंजीकृत डाक से भी भेज सकते हैं तथा संस्था के आम सभा के सदस्यों की सूची 100 रुपये अदा कर संस्था कार्यालय से ले सकते हैं। अपना ऐतराज जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं समितियां कार्यालय में भी दे सकते हैं तथा किसी भी तरह की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9416479879 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ ने शिविर में सुनीं बच्चों की शिकायतें

# दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना व समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरीः भारद्वाज

- कोई भी पात्र बच्चा सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से महरूम न रहे
- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का उद्देश्य बाल अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना है



रेवाड़ी। बच्चों की शिकायतें सुनती आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ ने वीरवार को आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल की अध्यक्षता में कोसली स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में बच्चों की शिकायतें सुनते हुए विभागों के विभागाध्यक्षों को सरकारी सेवाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र बच्चा सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से महरूम न रहे। एनसीपीसीआर की सदस्य प्रीति भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का उद्देश्य बाल अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश में एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करना है, जो बच्चों के हित में सभी कानूनी प्रावधानों, उनके संरक्षण और विकास के लिए प्रदेश में चलाई जा रही समस्त योजनाओं की सटीकता, सम्पूर्णता, प्रभावशीलता की निगरानी कर सकें। बच्चों की ओर से बेंच के सामने शिकायत रखी गई, जिन्हें गंभीरतापूर्वक सुना गया और समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि अधिकतर शिकायतें बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र व उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित थीं। उन्होंने कहा कि समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना जरूरी है। ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है।

### समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकताः जोशी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीण जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग के लिए शून्य से लेकर 18 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा का समान महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान सुनिश्चित करना राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वह पॉक्सो एक्ट, बच्चा गुमशुदा, बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, स्कूल संबंधी किसी दस्तावेज प्राप्त करने में परेशानी, आधार कार्ड, स्वास्थ्य संबंधी तथा मेडिकल सर्टिफिकेट, किसी भी तरह की शिकायत को आयोग के समक्ष रख सकते हैं। शिविर में विकलांग बच्चों के सर्टिफिकेट बनाए गए। दस्तावेजों में जो कमी पाई गई, उन्हें ठीक किया गया। अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद प्रदान करने व सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में संबंधित प्रकरणों का निराकरण संभव किया जाए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्याम शुक्ला, सदस्य अनिल कुमार, एसडीएम उदय सिंह, ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर राजेंद्र शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी दीपिका यादव, जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन कुसुम लता, डा. विशाल, डा. जयपाल, प्राचार्य डीएन भारद्वाज, सतबीर इंदौरा, ऊषा रस्तोगी व मंजू बाला उपस्थित थे।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी व एडीसी। फोटो : हरिभूमि

## समस्याओं का समाधान करने के प्रयास में लगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- डीसी राहुल हुड्डा व एडीसी अनुपमा अंजलि ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया
- नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर समाधान शिविरों में निरंतर पहुंच रहे

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर लगाए रहे हैं। समाधान शिविरों में अपनी समस्या लेकर आने वाले लोगों की परेशानियों को विभागीय अधिकारी तत्परता के साथ दूर करने में लगे हुए हैं। वीरवार को डीसी राहुल हुड्डा व एडीसी अनुपमा अंजलि ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया।

उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन आपसी सामंजस्य के साथ शिकायतों का समाधान कर रहा है। शिविर को लेकर नागरिकों का रूझान बढ़ा है तथा नागरिक अपनी अर्जी लेकर उनका समाधान कराने के लिए समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। डीसी हुड्डा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों के प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशो पर जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर समाधान शिविरों में निरंतर पहुंच रहे हैं।

## जिला पार्षदों ने मांगों को लेकर पंचायत मंत्री को सौंपा ज्ञापन, 18 को सीएम आवास पर देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। अपनी मांगों का लेकर एकजुट हुए जिला पार्षद। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पार्षद एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत मंत्री महिपाल ढांढा से हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया की उपस्थिति में मुलाकात की और अपनी मांगों पर चर्चा करके मांग पत्र सौंपा। मंत्री ने कैबिनेट की बैठक में सीएम से बात करके जल्द से जल्द मांगे पूरी कराने का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद एसोसिएशन कॉर्डिनेटर ने निर्णय लिया कि अगर एक सप्ताह में मांगे पूरी नहीं होती है तो 18 जुलाई बुधवार को करनाल स्थित सीएम आवास के सामने धरना दिया जाएगा। एसोसिएशन के उप प्रधान सुरेंद्र माड़िया ने सोमवार से जिला परिषद कार्यालय में ताला लगाकर सरकार को चेताने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर विनोद यादव, मनीराम यादव, बलजोर, रोहतक से एडवोकेट जगबीर खत्री, धीरज मलिक, संदीप अजायब, उपप्रमुख अनिल हुड्डा, झज्जर से संजय जांगड़ा, संजय दलाल, अमित डीघल, पानीपत से सुरेंद्र आर्य, महावीर भान, आकाश पोडिया, संदीप जागलान, हिसार से कमांडेंट सत्यवीर संधू, अनिल शर्मा, संदीप जेवरा, विजेंद्र खरब, फतेहाबाद से बिट्टू गड़वाल, राकेश चॉयल, भाल सिंह भट्टू कलां, जसमेर गोरखपुर, अनूप धारसूल, गगन, भिवानी से समरवीर सिंह, मोनू देवसर, कृष्ण तिगड़ाना, रामनिवास पटवारी मीरान, डा. सुखबीर किरावड़, दलबीर, दादरी से एडवोकेट रविंद्र सांगवान, फरीदाबाद से संजय, अब्बास खान, पलवल से हरबंस जाखड़, रूपचंद, राजेश महलावत, अजीत मास्टर रावत, रफाकत अली, मेवात से उमर महोमद, तौफिक खान, सतीश, सोनीपत से उपप्रमुख कल्पना मोनू बागडू, कविता शर्मा, संजय बड़वासनी, नरेंद्र बड़ी, देवेंद्र मुकीनपुर, कुलदीप, विक्रांत संतकुमार, राजेश, सतीश गुलिया व राकेश नाथूपुर मौजूद थे।

## बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण राष्ट्र विकास के लिए अति आवश्यकः अमित स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर वीरवार को यंगमैन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित स्वामी ने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण राष्ट्र के विकास के लिए अति आवश्यक है। आज जनसंख्या के मामले में पड़ोसी देश चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या वाला राष्ट्र बन गया है। हमें जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार की ओर से किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों के अतिरिक्त स्वयं भी गहनता से चिंतन करना होगा। बढ़ती जनसंख्या के कारण हमें इसके दुष्प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। जनसंख्या विस्फोट हमारे संसाधनों पर अत्याधिक प्रभाव डाल रहा है। यदि सभी लोग इस संदर्भ में जागरूक हो तो जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है। स्थायी भविष्य के लिए जनसंख्या नियंत्रण अति आवश्यक है। गरीबी, भूखमरी, कालाबाजारी, प्रदूषण, मूल्यवृद्धि व हिंसा जैसी अनेक समस्याओं का मूल कारण जनसंख्या विस्फोट है। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण से ही हमारे राष्ट्र की उन्नति संभव है। हालांकि शहरी क्षेत्रों में परिवार नियोजन की जागृति फैली है, परन्तु ग्रामीण व आदीवासी क्षेत्रों में इस पर अधिक तवज्जों नहीं दी जा रही है। आज विश्व की जनसंख्या 8 बिलियन से भी अधिक हो चुकी है, जिसमें हमारा राष्ट्र 2022 के आंकड़ों के हिसाब से 141.72 करोड़ की जनसंख्या वाला सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। इसके लिए समय रहते जागरूक होकर परिवार नियोजन अभियान, शिक्षा व महिला सशक्तिकरण जागरूकता अभियान बड़े स्तर पर कराने की आवश्यकता है।

## इनलो और बीएसपी गठबंधन का राज्य में कोई जनाधार नहींः डाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- डाबला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में 70 से अधिक सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी
- डाबला ने कहा कि केंद्र सरकार ने 30 लाख और हरियाणा में 2 लाख सरकारी नौकरी खत्म कर दी है।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में 70 से अधिक सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उनहोंने कहा कि इनेलो और बीएसपी गठबंधन पर कहा कि अब राज्य में दोनों पार्टियों का कोई जनाधार नहीं रह गया है। डाबला ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब जनता उसी पुराने इतिहास को दोहराकर कांग्रेस पार्टी को रिकॉर्ड मतों से जीताकर प्रदेश की सत्ता सौपेंगी।

डाबला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता पिछले 10 वर्षों से भाजपा के झूठे वायदों से तंग आ चुकी है और सरकार से बदला लेने का समय देख रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही कांग्रेस हाइकमान की ओर से जनता के लिए तैयार किया गया घोषणा पत्र तुरंत लागू किया जाएगा। बुजुर्गों की पेंशन 6 हजार रुपये की जाएगी। एससी, बीसी व गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट देने की योजना शुरू करेंगे और जिन्हें मकान की जरूरत है, उनको 3.5 लाख रुपये की लागत से इंदिरा आवास योजना के तहत 2 कमरे का मकान दिया जाएगा।

डाबला ने कहा कि केंद्र सरकार ने 30 लाख और हरियाणा में 2 लाख सरकारी नौकरी खत्म कर दी है। हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली कलम से खाली पड़े पदों पर मेरिट, रिजर्वेशन व पेंशन वाली पक्की भर्ती की जाएगी। किसानों को एमएसपी गारंटी व कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन स्कीम लागू होगी।



रेवाड़ी। केंद्र में विद्यार्थियों के साथ शाखा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### विवेकानंद शाखा ने कौशल केंद्र में मनाया स्थापना दिवस

**रेवाड़ी।** विवेकानंद शाखा ने कालाका रोड स्थित विवेकानंद कौशल केंद्र के विद्यार्थियों के साथ भारत विकास परिषद स्थापना दिवस मनाया। समारोह में क्षेत्रीय सचिव संपर्क डॉ. आरबी यादव, शाखा अध्यक्ष अतुल बत्रा, सचिव संजीव यादव, प्रशांत गुप्ता, सेवा प्रमुख नरेश यादव, संगठन सचिव जगमोहन गुप्ता, अनिल शर्मा, महिला संयोजिका परवीन मेहता, सुशील बत्रा व भारती बत्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने परिषद के सिद्धांतों के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों को अच्छे एवं राष्ट्रवादी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## बिन रिश्वत के मिले नौकरी सीएम सै ईमानदार मेरे हरियाणे में...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों बताते कलाकार।

जिले में सूचना, जनसंपर्क, भाषा और संस्कृति विभाग हरियाणा की भजन पार्टियां विशेष प्रचार अभियान में जुटी हुई हैं। भजन पार्टी गांव-गांव जाकर नागरिकों को सरकारी योजनाओं के अलावा सामाजिक विषयों पर आमजन को जागरूक कर रही हैं। वीरवार को विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टी ने बिन रिश्वत के मिले नौकरी सीएम सै ईमानदार मेरे हरियाणे में...सहित अनेक गीतों के माध्यमों से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से रूबरू कराया। भजन पार्टी ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं और विभागों से रिश्वतखोरी समाप्त की है। डीआईपीआरओ दिनेश कुमार ने सभी प्रचार टीमों को सरकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए है ताकि प्रत्येक व्यक्ति जागरूक होकर उनका फायदा उठाने में सक्षम बने। प्रदेश की विशेषताओं पर आधारित कई गीतों का निर्माण भजन पार्टियों द्वारा किया गया है, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक खूबियों से जन-जन को वाकिफ कराने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को प्रचार पार्टियां कवर करेंगी और प्रचार अभियान पूरे जुलाई माह तक चलेगा।

### मानसिक रूप से परेशान महिला को परिजनों से मिलाया



**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस की ओर से ट्रामा सेंटर के सामने स्थित वन स्टॉप सेंटर में मानसिक रूप से परेशान महिला को छोड़ा गया। सेंटर संचालिका ने बताया कि महिला से मित्रवत व्यवहार करते हुए पूछने परअपने पति का नाम व गां का पता बताया। महिला राजस्थान के अलवर जिले के बानसूर क्षेत्र की थी। वन स्टॉप सेंटर की ओर से अलवर के वन स्टॉप सेंटर को जानकारी दी गई तथा उनकी मदद से बानसूर थाना में संपर्क किया गया। बानसूर थाना पुलिस ने महिला के पति रिश्तेदारों से बात की। पूछताछ में पता चला कि महिला का पति गाड़ी चलाता है और अक्सर घर से बाहर रहता है। इस बार जब वह घर आया तो पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया था। पति के काम पर जाते ही महिला बिना बताए घर छोड़कर निकल गई। महिला को समझा कर परिजनों के साथ जाने अंततः वह मान गई।

### आशा वर्कर्स का जिला सचिवालय पर प्रदर्शन



**रेवाड़ी।** आशा वर्कर यूनियन ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जिला सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करके डीआरओ राकेश कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पहले सभी आशा वर्करों ने राजीव चौक के पास धरना दिया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान सुनीता टांकड़ी ने की व संचालन आशा बाला ने किया। इस अवसर पर जिला प्रधान सुनीता ने बताया कि वर्ष 2023 में 73 दिन की हड़ताल के बाद सरकार से समझौता हुआ था, लेकिन सरकार ने आशा वर्करों का फिक्स मानदेय 73 दिन का काट लिया और 73 दिन के दौरान आने वाली कई एक्टिविटी का पैसा भी काटा गया। केंद्र सरकार ने पिछले काफी दिनों से आशाओं का कोई मानदेय नहीं बढ़ाया है।

**समस्या** बरसात के मौसम में लोगों में बना दहशत का माहौल, बिजली निगम के अधिकारियों को कई बार दी जा चुकी शिकायत

## हादसों को न्योता दे रहे हवा में झूलते बिजली के तार, शिकायत देने पर भी बिजली निगम मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

कस्बे के वार्ड नंबर नौ, सरकुलर रोड व मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की 11 हजार वोल्टेज की हाइटेंशन बिजली लाइन काफी पुरानी एवं जर्जर हो चुकी हैं। मकानों के साथ लगा तारों का जाल किसी कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

बरसात के मौसम में करंट आने के डर से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बिजली निगम के अधिकारियों को कई बार शिकायत देकर अवगत कराने के बाद भी इन जर्जर तारों को बदला नहीं जाने से लोगों में रोष व्याप्त है।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, विधायक राम निवास सुरजा खेड़ा के अतिरिक्त नपा चेयरमैन कंवर सिंह बिजली की लाइनों को मकानों के ऊपर से हटाकर सरकुलर रोड पर शिफ्ट करने के लिए पत्र लिख चुके है, लेकिन बिजली निगम के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

विधायक ने 7 अक्टूबर 2023 को कार्यकारी अभियंता धारूहेड़ा को पत्र लिखा था तथा कस्बा वासी विनोद अग्रवाल, जेपी सिंह व हरिराम यादव के मकान के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की हाइटेंशन लाइन को शिफ्ट करने की मांग की थी। शहर के वार्ड नंबर 9 की पुरानी एवं जर्जर हो चुकी बिजली की तारों को बदलने के लिए बिजली निगम के अधिकारियों ने एस्टीमेट भी बनाया था, लेकिन आज तक भी इन तारों को बदला नहीं गया है। वार्ड की गलियों में मकानों के साथ जर्जर बिजली की तारों का जाल बिछा हुआ है, जिससे अधिकारियों के नहीं सुनने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उनके वार्ड के पुराने एवं जर्जर बिजली के तारों को नहीं बदला तो मजबूरन धरन-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

लोग आए दिन बिजली की तारों के टूटने एवं बिजली गुल होने से गर्मी के मौसम में परेशान हो रहे है। उन्होंन कहा कि शिकायत देने के बाद से बिजली निगम के अधिकारियों ने एक बार भी मौके का मुआयना तक नहीं किया है। बिजली की तारों से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसे लोगों को ही भुगतना पड़ेगा। बरसात के मौसम में शहर का पानी वार्ड में से ही होकर आगे जाता है तथा गलियों में जलभराव हो जाता है। ऐसे में बिजली की लटकती और घरों को छूकर निकल रही तारों की वजह से करंट लगने का खतरा बना हुआ है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा के वार्ड में लटकती बिजली की तार। फोटो : हरिभूमि

- बिजली की तारों के टूटने एवं बिजली गुल होने से परेशान हो रहे हैं

### मंजूरी मिलने के बाद बदला जाएगा तार

शहर के कई वार्डों में बिजली के लटकते और जर्जर तार को बदला जाना है। इसके लिए स्पेशल एस्टीमेट बनाया जा रहा है। इस एस्टीमेट का उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद वार्डों में पुराने तार को बदलने का कार्य शुरू किया जाएगा।

**- आनंद प्रकाश,** जेई, डीएचबीवीएन।

### 43 वाहन चालकों के काटे चालान

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के मार्गदर्शन में वीरवार को जिला पुलिस की ओर से गलत लेन ड्राइविंग का स्पेशल अभियान चलाया गया, जिसमें पुलिस की ओर से लेन ड्राइविंग की अवहेलना करने पर 43 वाहन चालकों के चालान किए गए।

एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाहन चालकों को यातायात के नियमों की दृढ़ता से पालना कराने के लिए निर्देश दिए है, जिसके तहत जिला पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत गलत लेन ड्राइविंग करके नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए।

**खबर संक्षेप**



## मयूर विहार में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**रेवाड़ी।** मयूर विहार गली नंबर-6 में वीरवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के शुभारंभ से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कथा का आयोजन कमलेश महेश के निवास पर किया जा रहा है। कथा के पहले दिन भागवत कथा व्यास साध्वी रश्मि ने श्री मद् भागवत कथा के कई अध्यायों का वर्णन किया। उन्होने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के सभी विकार दूर हो जाते है। व्यक्ति में एक नई ऊर्जा का संचार होने लगता है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**कुंड।** खोल थाना क्षेत्र के गांव से बाइक चोरी हो गई। गांव मंदौला निवासी विनय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बातया कि 9 जुलाई की रात उसने अपनी मोटर साइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। बाइक उसकी भाभी के नाम रजिस्टर्ड है। अगले दिन सुबह जग काम पर जाने के लिए बाहर आया तो वहां से बाइक गायब थी। खोल थाना पुलिस ने अज्ञात पर बाइक चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

## निर्माणाधीन फैक्ट्री से लोहे का सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव में निर्माणाधीन फैक्ट्री से लोहे का सामान चोरी हो गया। गांव आलमगीरपुर निवासी सरपंच नरेन्द्र कुमार शर्मा सिद्धि विनायक फर्म में पार्टनर है तथा अपने खेत में एक फैक्ट्री बना रहे है, जिसके निर्माण का कार्य चल रहा है। 9 जुलाई को जब वह तथा ठेकेदार की लेबर साइट पर पहुंचे तो वहां से लोहे का सामन गायब था। जबकि मौके पर एक मैनेजर सवाचन्द निवासी राजपुरा, सत्यवान निवासी ढाकिया व भगवानदास निवासी हुसेना हमीरपुर इमिलिया उत्तरप्रदेश चौकीदार रखे हुए है। उन्होंने सत्यवान व भगवानदास पर चोरी का संदेश जताया है।

## गांव से कमरे में बंधी पांच बकरियां चोरी

**धारूहेड़ा।** गांव राजपुरा से चोर बकरियां चोरी कर ले गए। गांव निवासी धर्म सिंह मजदूरी का काम कराता है तथा उसने बकरियां पाली हुई है। उसने मकान के पास स्थित कमरे में बकरियां बांधी हुई थी। 10 जुलाई रात करीब 2:30 बजे जब वह शौच के लिए गया तो कमरे में 2 बकरे व 3 बकरियां नहीं मिली। काफी देर तक उसने इधर-उधर बकरियों की तलाश की। बकरियों का कोई सुराग नहीं मिलने पर उसने थाने में शिकायत दी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने धर्म सिंह की शिकायत पर अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### दूसरी मेरिट लिस्ट के विद्यार्थी 15 तक जमा करा सकेंगे फीस

# कॉलेजों में आज आउट होगी दूसरी कट ऑफ लिस्ट, 17 से फिर ओपन होगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पहली मेरिट लिस्ट आने के बाद विद्यार्थी जिले के कॉलेजों में जरूरी दस्तावेज जमा कराने में लगे हुए है। वीरवार को दाखिले की दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की गई। 12 जुलाई को कॉलेजों में दाखिले की फाइनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। द्वितीय मेरिट लिस्ट के विद्यार्थी 15 जुलाई तक फीस जमा करा सकेंगे। 17 जुलाई को पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों की फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी। इसके बाद 17 से 30 जुलाई तक फिर पोर्टल ओपन होगा, जिसमें वंचित विद्यार्थी दाखिला करा सकेंगे। इसी बीच 18 से 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग होगी। इसके बाद 25 से 30 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा प्रतिदिन 100 रुपये अतिरिक्त चार्ज के साथ सीटों की फिजिकल काउंलिग की जाएगी।



रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में कागजात जमा कराती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### गर्ल्स कॉलेज में 20 तक जमा करा सकेंगे

शहर के सेक्टर-18 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में पहली मेरिट लिस्ट में आने वाले बीए, बीकॉम, बीएससी व बीसीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी अब 15 जुलाई से 20 जुलाई तक कॉलेज में जरूरी दस्तावेज जमा करा सकेंगे। कॉलेज के एडमिशन नोडल अधिकारी प्रो. सत्येंद्र सिंह ने बताया कि छात्राओं को एप्लीकेशन फॉर्म, फीस भरने की रसीद, दो पासपोर्ट साइज नए फोटो, मैट्रिक व 12वीं सत्यापित डीएमसी की फोटोकॉपी, परिवार पहचान पत्र की सत्यापित कॉपी, एबीसी आईडी, एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग, आधार कार्ड की सत्यापित कॉपी, बैंक अकाउंट पासबुक कॉपी, मूल चरित्र प्रमाण पत्र, माइग्रेशन सर्टिफिकेट, रिजर्वेशन कैटेगरी सर्टिफिकेट, गैप ईयर सर्टिफिकेट, वेटेज व अन्य जरूरी दस्तावेज की कॉपी जमा करानी होगी।

### कॉलेजों में आज लगेगी दूसरी मेरिट लिस्ट

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम वरीयता सूची में शामिल विद्यार्थियों को फीस भरने के लिए एक दिन अतिरिक्त समय दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई को दूसरी वरीयता सूची जारी होनी है। पहली मेरिट लिस्ट 5 जुलाई को दोपहर बाद जारी हुई थी। प्रथम सूची में शामिल विद्यार्थियों के फीस भरने के बाद बची हुई सीटों के लिए 12 जुलाई को दूसरी वरीयता सूची जारी होनी है।

### अधिकांश महाविद्यालयों में रिक्त हैं सीटें

कॉलेजों में प्रथम मेरिट लिस्ट में नाम आने के बाद बहुत से विद्यार्थियों ने फीस जमा नहीं कराई है। राजकीय कॉलेज में बीए में 60 और बीकॉम में 24 विद्यार्थियों ने फीस जमा कराई है दोनों में 160-160 सीटें निर्धारित हैं। केएलपी कॉलेज में बीए में 122, बीएससी फिजिकल साइंस में 60, बीकॉम में 86, बीसीए में 35, बीएससी लाइफ साइंस में 34, बीबीए में 19, बीसीए में 35, बीएससी बायोटेक्नोलोजी में 7 तथा बीजेएमसी में 9 विद्यार्थियों ने फीस जमा कराई है। पाली स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बीए में 40, बीकॉम में 12 और बीएससी में सिर्फ 14 छात्राओं ने ही फीस जमा कराई है। खरखड़ा के राजकीय कॉलेज में बीए में 109, बीकाम में 50 और बीएससी में 26 विद्यार्थियों ने फीस जमा कराई है। राजकीय कॉलेज जाटूसाना में बीए में 37 और बीकॉम में छह विद्यार्थियों ने दोपहर तक फीस जमा कराई है।

### लिस्ट में नाम आने के बाद जमा होंगे दस्तावेज

फीस जमा कराने के बाद सभी विद्यार्थियों को दाखिले से संबंधित अपने कागजात जमा कराने हैं, जिनमें आवेदन पत्र, फीस जमा कराने की रसीद, दो पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटो, मार्कशीट, बैंक खाता विवरण व अन्य प्रमाण पत्र जमा कराने होंगे। - **ज्योति यादव,** प्राचार्या गर्ल्स कॉलेज।





रेवाड़ी। साइकिल रैली में भाग लेते आईओसीएल कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# साइक्लॉथान से दिया स्वच्छता का संदेश

### आईओसीएल मना रही स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- साइक्लॉथान रैली लोको शेड के बाद रेजांगला पार्क से होते ही वापस आईओसीएल कॉलोनी पहुंची

आईओसीएल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स के रेवाड़ी कार्यालय की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साइक्लॉथान रैली निकाली गई। यह आईओसीएल कॉलोनी से शुरू होकर हेरिटेज लोको शेड पहुंची।

कंपनी प्रबधंन प्रवीन कुमार ने बताया कि साइक्लॉथान रैली लोको शेड के बाद रेजांगला पार्क से होते ही वापस आईओसीएल कॉलोनी पहुंची। इस रैली से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। साइकिल रैली में कंपनी के कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान में शामिल होकर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने के लिए हर साल 15 जुलाई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाता है। कंपनी कर्मचारी आमजन के बीच जाकर जागरूकता गतिविधियां चलाते हैं। स्वच्छता श्रमदान करते हुए पौधारोपण कार्यक्रम चलाकर पौधे लगाए जाते हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है।

लोगों को कंपनी की ओर से थैले व स्वच्छता किट वितरित की जाती हैं।

# हवाई फायर करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामपुरा थाना पुलिस ने हवाई फायर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला आदर्श नगर रेवाड़ी निवासी साहिल उर्फ लीला के रुप मे हुई है। देव नगर निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 जून की रात को उनके मकान के बहार मोहल्ला आदर्श नगर निवासी साहिल व नक्सु अपनी बाइक पर आए और उनके मकान के बहार गाली गलौच करके हवाई फायर करके फरार हो गए। आरोपियों ने उसके पति को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी है। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना रामपुरा में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने बुधवार को मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई बाइक व एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी के खिलाफ अन्य मामला

जांचकर्ता ने बताया की आरोपी साहिल उर्फ लीला ने अपने साथी नक्सु के साथ मिलकर 27 जून की ही रात को मोहल्ला कुतुबपुर निवासी मुकुल के साथ मारपीट करने व उस पर फायर करने की वारदात को भी स्वीकार किया है। थाना रामपुरा में मुकुल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस की ओर से दोनों मामलो में आरोपी नक्सु की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी।



रेवाड़ी। पूल में मस्ती करते बच्चे।

## नन्हे बच्चों ने पूल पार्टी का उठाया आनंद

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित आरपीएस स्कूल के प्रांगण में वीरवार को पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने खिलौनों के साथ खेलकर व डांस करके खुशी जाहिर की। नन्हे बच्चों ने पूल के पानी में भीषण गर्मी में आनंद लिया। विद्यालय प्रधानाचार्य,डीन ऑफ एकेडमिक, विभागाध्यक्ष एवं स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को अपना जीवन जीता देख खुशी का इजहार किया।

# एमडीयू रोहतक की विधि प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रांशु सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव जखाला निवासी प्रांशु कुमार ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की विधि प्रवेश परीक्षा में चयन होकर गांव के साथ-साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर बीएमडी फाउंडेशन की ओर से प्रांशु को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडवोकट नवीन कुमार थे, जबकि अध्यक्षता चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा ने की। कार्यक्रम संयोजक की भूमिका एडवोकेट बसन्त कुमार ने निभाई। विशिष्ट अतिथि ने कहा की शिक्षा एक ऐसा हथियार हैं, जिससे हर लक्ष्य प्राप्त किया जाता हैं। कड़ी मेहनत से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलती हैं। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। प्रांशु कुमार ने लॉ इंस्टिट्यूट से विधि प्रवेश परीक्षा की कोचिंग लेकर पहली बार में ही एमडीयू की बीए-लॉ ऑनर्स प्रवेश परीक्षा में पहली मेरिट में चयनित होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया हैं। प्रांशु कुमार ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपनी माता सुषमा रानी, पिता विनय कुमार व गुरुजनों को दिया हैं। इस अवसर पर वैशाली, अनुराधा शर्मा, निविका सैनी, हैप्पी, विपिन, नाहर ठाकुर, कृश व गुड़िया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्रांशु को सम्मानित करते फाउंडेशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# कर्नल जगदीश तंवर बने राजपूत परिवार मिलन प्रकोष्ठ के संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



कर्नल जगदीश सिंह तंवर को हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के परिवार मिलन प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। सभा के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेश चौहान राष्ट्रपूत ने बताया कि समाज के विवाह योग्य जोड़ों का मिलान कराने, अदालतों में चल रहे पारिवारिक विवादों का परस्पर सहमति से समाधान कराने तथा परिवार समूह की प्रभावी भूमिका को रेखांकित करने में परिवार मिलन प्रकोष्ठ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चौहान ने बताया कि 14 जुलाई को राजपूत धर्मशाला रोहतक में सभा की विस्तारक कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। प्रदेश में सक्रिय सभी जिला राजपूत सभाओं के अध्यक्ष, सभा के सभी प्रकोष्ठ संयोजक, लोकसभा कॉर्डिनेटर तथा विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार बैठक में बुलाए गए हैं।



## विद्यार्थियों को दी मोटे अनाज की जानकारी

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा में कृषि विभाग के तत्वावधान में मोटे अनाज पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें खंड खोल के कृषि अधिकारी डा. मनोज कुमार के नेतृत्व में सहायक तकनीकी प्रबंधक श्योपाल तथा फेल्डमैन अंकित कुमार ने विद्यार्थियों को ज्वार, बाजरा व रागी इत्यादि मोटे अनाज के महत्व पर जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने की। इस अवसर पर विद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को पोषक अनाज संबंधी साहित्य, स्टेशनरी तथा टी-शर्ट भेंट किए गए।

# वासना और विकारों से ग्रस्त पुरुष को चित्त निर्मल करने में समय लगता है

- असत्य बुद्धि वाला पुरुष आजीवन जिज्ञासा करके भी आत्म ज्ञान पाने से वंचित रह जाता है
- सद्गुरु के उपदेश सुनने मात्र से ही आत्म ज्ञान को प्राप्त कर लेता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

धारुहेड़ा के सेक्टर-6 स्थित श्रीराम कुटी में अखंड परमधाम सेवा समिति की ओर से सत्संग का आयोजन किया गया। समिति के सदस्य मलूक सिंह ने कहा कि तत्वज्ञान में सत्व बुद्धि और श्रद्धा व विश्वास रखने वाले पुरुष का अन्तःकरण शुद्ध होने से वह जल्दी ही सद्गुरु के उपदेश सुनने मात्र से ही आत्म ज्ञान को प्राप्त कर लेता है, किन्तु वासनायुक्त और विकारों से ग्रस्त पुरुष को चित्त निर्मल करने में काफी समय लग सकता है। असत्य बुद्धि वाला पुरुष आजीवन जिज्ञासा करके भी आत्म ज्ञान पाने से वंचित रह जाता है।

वह सत्य को बुद्धि से जानना चाहता है, जबकि तत्त्व ज्ञान बुद्धि का विषय नहीं है। इस अवसर पर नानक चंद, भोलाराम गुप्ता, मुकेश गोदारा, संतोष मिश्रा, उमेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, सुकेश यादव, सुशीला यादव व छन्नों देवी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।



रेवाड़ी। सत्संग में प्रवचन देते हुए मलूक सिंह। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9671434260, 8595581311

**राजनीति** बावल में जनसेवा केंद्र के रूप में शुरू किया चुनाव कार्यालय, पार्टी की टिकट के लिए भी जताई निंबल ने दोवदारी

# जनसेवा के बहाने टिकट पर नजर, अरविंद की राह पर कमल निंबल

- जनसेवा केंद्र के रूप में बावल में अपना कार्यालय खोलकर भाजपा की टिकट पर दावेदारी जता दी है

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले जिस तरह रेवाड़ी में डा. अरविंद यादव चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कर चुके हैं, ठीक उसी तरह भाजपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव कमल निंबल ने भी जनसेवा केंद्र के रूप में बावल में अपना कार्यालय खोलकर भाजपा की टिकट पर दावेदारी जता दी है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के आशीर्वाद से टिकट का दावा करने वाले श्यामसुंदर सभरवाल लोकसभा चुनावों के दौरान ही साइलेंट मोड पर जा चुके हैं।

बावल हलके में वर्ष 2014 में राव इंद्रजीत सिंह की बदौलत भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले डा. बनवारीलाल मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में राज्य मंत्री बनने के बाद वर्ष 2019 में दूसरा चुनाव जीतकर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बन गए।

बावल हलके को विकास का केंद्र बनाकर कई परियोजनाओं को सिरे चढ़वाने वाले डा. बनवारीलाल पूर्व मंत्री शकुंतला भगवाड़िया के बाद दूसरे ऐसे नेता रहे हैं, जिन्होंने लगातार दूसरी बार चुनाव जीता है। इन दोनों को छोड़कर बावल की जनता ने किसी सीटिंग एमएलए को लगातार दूसरी बार जीतने का मौका नहीं दिया। अगर इस बार उन्हें टिकट और जीत मिलती है, तो लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम कर जाएंगे। बनवारीलाल को भले ही टिकट दिलाने में राव इंद्रजीत सिंह की बड़ी भूमिका रही हो, परंतु हकीकत यह है कि बाद में उन्होंने पार्टी संगठन के साथ मिलकर मजबूती के साथ कार्य किया है।

उनके पूर्व सीएम मनोहरलाल के साथ अच्छे राजनीतिक संबंध रहे हैं, तो नायब सिंह सैनी के साथ भी अच्छी पटरी बैठ रही है। नायब मंत्रिमंडल में उनका कद और पद दोनों बढ़ चुके हैं। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की प्रदेश सरकार के साथ पटरी नहीं बैठने के बावजूद बनवारीलाल ने अपनी ओर से उनके सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी है।

उनका भाजपा के दोनों खेमों के साथ अच्छा तालमेल रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों में वह प्रदेश में पार्टी के बड़े दलित चेहरे के रूप में नाराज वर्ग को पार्टी के साथ जोड़ने में बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं।



डा. बनवारी लाल।



कमल निंबल।



श्याम सुंदर सभरवाल।

### निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पहचान

कमल निंबल भी भाजपा के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। पार्टी ने उन्हें नूंह जिले का प्रभार भी सौंपा हुआ है। इस समय निंबल राव कैंप से नजदीकियां भी बढ़ा रहे हैं। जनसेवा केंद्र खोलकर उन्होंने एक तरह से चुनाव कार्यालय की शुरूआत कर दी है। उनका कहना है कि अगर पार्टी उन्हें मौका देती है, तो इस बार वह चुनाव मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अगर टिकट नहीं मिलती है, तो भी वह हलके में जनसेवा के कार्य करते रहेंगे। अगर टिकट मिलती है, तो वह चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

### जेजेपी छोड़कर सभरवाल ने किए प्रयास

डा. बनवारीलाल के राजनीतिक विरोधी रहे पूर्व जेजेपी नेता श्यामसुदंर सभरवाल ने लोकसभा चुनावों से पहले जेजेपी छोड़ दी थी। भाजपा ज्वाइन किए बिना ही वह राव इंद्रजीत सिंह का आशीर्वाद लेने के लिए उनके दिल्ली निवास पर पहुंच गए थे। इसके बाद उन्होंने दावा करना शुरू कर दिया था कि वह इस बार राव के आशीर्वाद से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। लोकसभा चुनावों के दौरान शुरू में राव के लिए प्रचार मैदान में उतरे सभरवाल चुनाव करीब आते ही प्रचार मैदान से गायब हो गए थे।